खसरा

यह सिफ एक छोटा चकत्ता नहीं है।



खसरा खतरनाक हो सकता है, खासकर शिशुओं और छोटे बच्चों के लिए।

खसरे के लक्षण आमतौर पर इनमें शामिल होते हैं:

- **तेज़ बुखार (High fever)** (बुखार 104°F से अधिक भी हो सकता है)
- **खांसी (Cough)**
- **बहती नाक (Runny nose)**
- **लाल और/या पानी भरी आँखें (Red and/or watery eyes)**
- **चकत्ते (Rash)** (लक्षण शुरू होने के 3–5 दिनों बाद पता चलता है)

खसरा एक गंभीर बीमारी हो सकती है।

खसरा गंभीर स्वास्थ्य जटिलताओं (health complications) का कारण बन सकता है, जिनमें न्यूमोनिया, मस्तिष्क में सूजन एन्सेफलाइटिस (encephalitis) और मृत्यु शामिल हैं।

हर 5 खसरा रोगियों में से1 को अस्पताल में भर्ती करना पड़ता है।

हर 20 खसरा से संक्रमित बच्चों में से1 को न्यूमोनिया (pneumonia) हो जाता है, जो छोटे बच्चों में खसरा से मृत्यु का सबसे आम कारण है।

हर 1,000 खसरा से संक्रमित लोगों में से1 को मस्तिष्क में सूजन (brain swelling) हो सकती है, जिससे मस्तिष्क को नुकसान हो सकता है।

हर 1,000 खसरा मामलों में से1 से 3 लोगों की मृत्यु हो सकती है।

खसरा (Measles) एक अत्यधिक संक्रामक बीमारी है और यह हवा के माध्यम से फैलती है जब कोई संक्रमित व्यक्ति खांसता या छींकता है। खसरा से संक्रमित एक व्यक्ति, 10 में से 9 बिना टीकाकरण वाले लोगों को यह बीमारी फैला सकता है।

CDPH
Chicago Department of Public Health

CHICAGO.GOV/MEASLES

टीकाकरण (Vaccination) खसरे से बचाव का सबसे प्रभावी तरीका है।

एक बच्चे को MMR (खसरा-मंप्स-रुबेला) टीका 12–15 महीने की उम्र और फिर 4–6 वर्ष की उम्र में लगवाना चाहिए। खसरा के खिलाफ दो डोज़ 97% प्रभावी होती हैं।

CDPH (शिकागो सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग) के टीकाकरण क्लीनिक (Immunization clinics) सभी शिकागो निवासियों को सेवाएं प्रदान करतें हैं। आपसे निवास का प्रमाण (proof of residence) दिखाने के लिए कहा जा सकता है।

CHICAGO.GOV/VACCINES

अगर आपको किसी अन्य टीकाकरण प्रदाता (vaccination provider) की पहचान करने में सहायता चाहिए, तो कृपया देखें:

VFC.ILLINOIS.GOV/SEARCH/